वाहन चालकों को किया जागरूक



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): आई.टी.ओ चौक पर वाहनों चालकों को सीट बेल्ट प्रयोग के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिससे वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया जा सकें। दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल संदीप शाही ने अपने ट्रैफिक पुलिस साथियों के साथ सीट बेल्ट के लिए लोगों को जागरूक किया ताकि लोग सड़क हादसों का शिकार न हो। संदीप शाही ने बताया कि आजकल लोग जल्दबाजी, आलस व स्टाइल के चक्कर में सीट बेल्ट नहीं लगाते हैं जिसके चलते वह कानून का तो उल्लंघन करते ही है साथ ही अपनी जान के साथ भी खिलवाड़ करते है।